सार-समाचार

आर्थोस्कोपी एसोसिएशन का गठन

उदयपुर, (कासं)। दूरबीन द्वारा जोड़ों की छोटे चीरे से सर्जरी को बढ़ावा देने के लिए उदयपुर के प्रमुख ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर में आर्थोस्कोपी एसोसिएशन का शुभारंभ हुआ। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के अस्थि एवम् जोड़ रोग विभाग के मुखी डॉ. हरप्रीत सिंह को अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया था। डॉ रामावतार सैनी को उपाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। अमेरिकन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, उदयपुर के डॉ. सूर्यकांत पुरोहित को सचिव के रूप में नामित किया गया था। डॉ. सौम्या अग्रवाल को कोषाध्यक्ष/संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर डॉ. राहुल खन्ना, डॉ. कमल अग्रवाल, डॉ. सौरभ, डॉ. विष्णु प्रताप एवं डॉ. अमृतेश सिंह उपस्थित थे। डॉ. हरप्रीत सिंह ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य मिनिमली इनवेसिव जॉइंट सर्जरी को बढ़ावा देना और आर्थ्रोस्कोपी की विभिन्न तकनीकों में युवा आर्थोपेडिक सर्जनों को प्रशिक्षित करना है।

नीमज मंदिर से जेवर व नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। शहर के देवाली छोर पर पहाड़ी पर स्थित नीमज माता मंदिर का नकाबपोश बदमाश ताला तोड़ कर चांदी के छत्र, जेवरात एवं दानपेटी से नकदी लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार तडके शहर के देवाली छोर पहाड़ी पर स्थित नीमज माता मंदिर में आए छह से सात नकाबपोश बदमाश चौकीदार व पुजारी को बंधक बना धमका कर चांदी के छत्र, 105 चांदी के सिक्के, तथा दानपेटी से नकदी चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ठाकुर चन्द्रशील,अम्बामाता थानाधिकारी रवीन्द्र चारण, सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण कर आवयश्क साक्ष्या जुटाए। इस मामले में पुलिस ने नीमच माता मंदिर पुजारी झंडा चौक देवाली निवासी बाबुलाल पुत्र भैराजी गमेती की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में पताचला कि रात करीब दो बजे छह से सात नकाबपोश बदमाश मंदिर परिसर में आए जहां चौकीदर को धमका कर मंदिर के सीसीटीवी केमरे तोड़ दिए तथा चेनल गेट का ताला तोड़ कर चांदी के छत्र, मुकुट, दो दान पेटियों के ताले तोड़ नकदी लूट कर मंदिर के पिछवाड़े के रस्ते से फरार हो गए। दानपेटी से नवरात्री से पूर्व नकदी निकाली गई थी। जिसमें लाखों की नकदी होने की संभावना है। इससे पूर्व नीमज माता मंदिर में वर्ष 2010, 2016 में इसी तरह की वारदात हो चुकी है। पुलिस ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर लुटेरों की तलाश शुरू की।

चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने कृषिमण्डी दुकान से सामन चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया। प्रकरण के अनुसार 3 दिसंबर 2022 को पीडित कांजी का हाटा सूरजपोल हाल कृषि मण्डी स्थित दुकान नं. 113 मालिक प्रकाश जैन पुत्र कालुलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि कृषिमण्डी में नेशनल कोकोनेट सप्लायर्स नाम से दुकान हैं । घटना वाले दिन सवेरे कुछ लोग गाडी लेकर आए तथा दुकान का ताला तोड़ सामान भर कर चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिलापुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर ठाकुर चन्द्रशील, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी रामसुमेर मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर उमरिया निवासी किशनलाल पुत्र वेसाराम, रामा रेट फला धावडी गोवर्धन विलास निवासी सुरेश उर्फ सुरेन्द्र उर्फ सुखिया पुत्र लक्ष्मण को गिरफ्तार किया। जिनसे की गई पूछताछ के आधार पर किशन के घर से चोरी किया माल तेल के पीपे, कूलर, टेबल, साबुन, खजूर की पेटी, माचिस के बॉक्स पूरा किराणा सामान बरामद किया।

ट्रेलर-ट्रक भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत

उदयपुर, (कासं)। घासा थाना क्षैत्र में ट्रक व ट्रेलर की आमने सामने भिडंत में ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि ट्रेलर में सवार दो जने घायल हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर में घासा थाना क्षैत्र वीरधोलिया से घासा की तरफ जाने वाले रोड़ पर वन विभाग नर्सरी के पास ट्रक-ट्रेलर की आमने सामने भिडंत हो गई। सूचना मिलने पर घासा थानाधिकारी फैलीराम, एएसआई मांगीलाल मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से वाहन में फंसे ट्रक चालक गोवनीया भगवानपुरा थाना गंगापुर भीलवाड़ा निवासी शंकरलाल पुत्र कालु बंजारा, साथी छापलिया निवासी हेमेन्द्र सिंह पुत्र दलेरसिंह तथा ट्रेलर में सवार विष्णु को बाहर निकाल चिकित्सालय पहुंचाया। हादसे में ट्रक चालक शंकर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया गया। वहीं मृतक शंकर का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि शंकर राजसमन्द से जलाऊ लकडी लेकर ईटभट्टों पर सप्लाई करने जा रहा था।

मंदिर में की तोड़फोड

उदयपुर, (कासं)। शहर के देहलीगेट बांस वाली गली के सामने स्थित मंदिर में घुस कर तोड़फोड़ करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में भुपालपुरा थाना क्षैत्र देहलीगेट बांस वाली गली के सामने बीमा कार्यालय के समीप स्थित अलदेव बलदेव मंदिर में घुस कर अज्ञात बदमाश ने भेरूजी मंदिर की आंगी को उकेर दिया तथा कुछ तोडफोड़ की। दूसरे दिन इसकी जानकारी मिलने पर छबीला भेरूमार्ग धानमण्डी निवासी मुकेश पुत्र देवकरण जैन की रिपोर्ट पर भुपालपुरा थान पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का हुआ समापन

राजसमंद/उदयपुर, (कासं)। यदि हमें भारत को आने वाले पच्चीस सालों में एक विकसित राष्ट्र और महाशक्ति बनाना है तो हम सबको दोहरी जिम्मेदारी निभानी होगी। एक ओर हमें उन योजनाओं और कदमों की जानकारी हासिल करनी होगी, जिनकी सहायता से देश के विकास का लक्ष्य पूरा किया जाना है, वहीं हमें इन जानकारियों को जरूरतमंदों तक पहुँचाना भी होगा। हम सब लोग मिलकर प्रयास करेंगे तो

■ **योजनाओं की जानकारी जरूरतमंदों तक पहुँचाना हमारी जिम्मेदारीः चौधरी**

निश्चित रूप से 2047 तक भारत विश्व की एक बड़ी महाशक्ति के रूप में उभरकर सामने आएगा।

यह उद्गार जिला परिषद राजसमंद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्साह चैधरी ने व्यक्त किए। वह केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से राजसमंद शहर मे स्थित गायत्री शक्तिपीठ के सभागार में आयोजित अमृतयात्रा (इंडिया एट 2047) मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रकाश शर्मा, बैंक प्रबंधक सुरेश उपाध्याय, सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा, कृषि अधिकारी उद्यान विभाग प्रकाश चंद्र पारीक, कृषि अधिकारी कृषि विभाग लोनचंद लोहार, महिला पर्यवेक्षक मीना लोहार, आईसी समन्वयक दिलीप श्रीमाली, सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय नाथद्वारा की सहायक प्रो. चार्मी लखारा, सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय राजसमंद की प्राचार्य निर्मला मीणा शिक्षा विभाग के राजेश गुर्जर एवं हनसा गुर्जर आदि उपस्थित थे।इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश शर्मा ने कहा कि राजसमंद जिले में आयुष्मान भारत के तहत जिले में पाँच लाख हजार परिवारों के कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें से अभी तक 96 हजार से अधिक लोगों का केवाईसी वेरीफिकेशन कर लिया गया है उन्होंने कहा कि इस योजना से प्रदेश में ही नहीं देश के अन्य प्रदेशों में पाँच लाख तक का निशुल्क इलाज करने में मदद मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि इसी तरह राजसमंद जिले में 16 सीएचसी और दो राजकीय महाविद्यालय सहित कुल 18 सरकारी एवं 06 निजी अस्पतालों में चिरंजीवी योजना का लाभ दिया जा रहा है इस योजना के तहत 10 लाख रुपए का इलाज किया जा रहा है एवं जिले में 2 लाख 60 हजार से अधिक परिवारों का पंजीयन कर लिया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक सुरेश उपाध्याय ने कहा कि यह मल्टीमीडिया प्रदर्शनी ऐसी जानकारियों से भरपूर है।

राजसमंद में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हुआ। इस दौरान सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा (बीच में), सीएमएचअ प्रकाश शर्मा (दाएं से चौथे) मौजूद रहे।

फरार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। दुकान से नकदी चोरी कर सूरत से से भाग कर आए आरोपी को सायरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 7 दिसंबर को गुजरात के सुरत में सायरा निवासी भावेशभाई पुत्र पुखराज जैन ने पुलिस थानेमें एक रिपोर्ट दी कि सुरत शहर में न्यू टीटी मार्केट मेंसड़ी काकारोबार करता हूं।2 दिसंबर को दुकान बंद कर दूसरे दिन सवेरे दुकान पर गया तो टेबल की ड्रोवर का ताला टूटा हुआ था एवं उसमें रखे 4 लाख 70 हजार 617 रूपये नकदी गायब थी। इस मामले में किए गए अनुसंधान में पड़ोस में काम करने वाले पालछा थाना सायरा निवासी करणसिंह पुत्र भंवरसिंह खरवड के रूप में पहचान हुई। इस मामले में सुरत शहर से एएसआई मनसुखभाई मय जाप्ता सायरा पहुंचे।

तीन दिवसीय वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल16 से

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में संगीत के महाकुंभ के छठें संस्करण वेदांता वर्ल्ड म्यूज़िक फेस्टिवल के साथ जीवंत हो उठेगा। हिंदुस्तान जिंक द्वारा प्रायोजित किये जा रहे इस अंतर्राष्ट्रीय संगीत समारोह की संकल्पना और प्रोडक्शन सहर एवं सहयोग राजस्थान पर्यटन विकास निगम ने किया है। इस तीन दिवसीय फेस्टिवल का आयोजन 16, 17 और 18 दिसंबर को किया जाएगा।

वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल 2022 का अंतर्निहित विषय 'राजस्थान के भूले हुए संगीत वाद्ययंत्रों और परंपराओं का संरक्षण और प्रचार' है, जहां उत्सव सारंगी की प्रस्तुती पर केंद्रित होगा, जिससे युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित और इसके सरंक्षण के लिये प्रेरित हो सके। सारंगी यूनेस्को द्वारा संरक्षित संगीत परंपरा है।हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि, वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल का यह संस्करण खास है क्योंकि कोविड महामारी के बाद यह आयोजन होगा। यह देश में लोगों के सौहार्द का उत्सव है और इसके लिए संगीत से बेहतर तरीका नही हो सकता है। हम इस उत्सव के माध्यम से राजस्थान पर्यटन विभाग और सहर के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव को जारी रखते हुए प्रसन्न हैं। हिंदुस्तान जिंक और वेदांता ने हमेशा कला और संस्कृति को प्रोत्साहित और सहयोग दिया है। इस मंच के माध्यम से हमारा उद्देश्य उदयपुर को भारत की संगीतमय राजधानी बनाना है और यह उसी दिशा में एक और कदम है।गांधी ग्राउण्ड और फतहसागर की पाल पर होने वाला यह म्यूज़िक फेस्टिवल संगीत की विभिन्न श्रेणियों के 100 से भी अधिक वैश्विक कलाकारों को साथ लाएगा। उत्सव के पहले दिन कार्यक्रम का आगाज़ शाम 6 बजे से गांधी मैदान में कई प्रसिद्ध कलाकारों के साथ सारंगी की प्रस्तुती से होगा। लोक परंपरा को और आगे बढाते हुए, भारत के जसलीन औलख, परवाज जैसे प्रसिद्ध गायक लोक, सूफी और रॉक और विश्व संगीत की शैलियों में प्रस्तुति देंगे।

उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अधिकाधिक ऋण प्रदान करें

उदयपुर (कासं)। राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग की बैठक शुक्रवार को अध्यक्ष डॉ. शंकर यादव (राज्यमंत्री दर्जा) की अध्यक्षता में नेहरू सहकार भवन में आयोजित हुई। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष अवधेश दिवाकर बैरवा, सदस्य मांगीलाल वर्मा, ओमप्रकाश जैदिया, महाप्रबंधक शीशराम चावला आदि अधिकारियों ने भाग लिया।

अध्यक्ष ने बजट एवं लक्ष्यों को बढ़ाने हेतु सभी जिलों में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से जरूरत के आधार पर लक्ष्य आवंटित कर लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चौपहिया वाहन के साथ ही रिक्शा, ट्रैक्टर, लघु व कुटीर उद्योगों को बढावा देने के लिए भी अधिक से अधिक लोगों को ऋण सुविधाएं प्रदान करें और विभिन्न योजनाओं में महिलाओं-युवाओ की भागीदारी सुनिश्चित हो। डॉ. यादव ने बताया कि जनजाति क्षेत्र में अनुसूचित जाति के गरीब व जरूरतमंद परिवारों के लिए एक विशेष पैकेज के रूप में योजना बनाएं। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि पहाड़ी व ग्रामीण इलाकों में अनुजा निगम का ऑनलाइन पोर्टल नेटवर्क की वजह से कार्य नहीं करता है, वहां ऑफलाइन फार्म भरवाने का कार्य शुरू करें। निगम योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु गाँव स्तर पर चौपालों का आयोजन किया जाये। उन्होंने नवीन योजनाएं शुरू करने पर जोर दिया और उदाहरण के तौर पर बताया कि जैसलमेर जिले में कैमल कार्ट योजना, यलो पत्थर की योजना, जोधपुर में हैण्डी क्राफ्ट योजना, भरतपुर क्षेत्र आचार-मुरब्बा, हाथ से बनाई का कार्य अभी भी चल रहा।

राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग की बैठक में डॉ. शंकर यादव ने अनुजा कल्याण पर चर्चा की।

अंतर्राष्ट्रीय जल सम्मेलन : वृक्षारोपण को मनरेगा से जोड़ने का किया आव्हान

उदयपुर, (कासं)। विश्व में सूखे व बाढ़ की वैश्विक समस्या पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) एवं विश्व जन आयोग स्वीडन के संयुक्त तत्वावधान में भारत में पहली बार आयोजित विश्व जल सम्मेलन के दूसरे दिन जनजातीय उद्योग एवं विकास मंत्री अर्जुन लाल बामणिया ने संबोधित किया।

मंत्री बामनिया ने बाढ व सूखा को मानव द्वारा प्रकृति को दी गई चुनौति घोषित करते हुए पहाडों पर वृक्षों के कटाव को मृदा हास का कारण बताया। बामनिया ने वृक्षारोपण को मनरेगा से जोडने का आव्हान करते हुए बांसवाडा जिले का उदाहरण दिया जहां यह नवाचार सार्थक सिद्ध हुआ है। कुलपति प्रो. शिव सिंह सारंगदेवोत ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को चार तकनीक सत्रों में 16 सब थीम पर चर्चा हुई। डॉ. इंदिरा खुराना व प्रो. मिलाप पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. प्रेमनिवास शर्मा ने विश्व बढते मिथेन गैस प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए इसका समाधान हिमालय क्षेत्र की सीढीदार खेती को बताया। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता व सूखा एवं बाढ के विश्व जन आयोग , स्वीडन के अध्यक्ष वाटर मैन ऑफ इंडिया डॉ राजेंद्र सिंह ने अध्यक्षता करते हुए मैग्सेसे पुरस्कार विजेता व सूखा एवं बाढ के विश्व जन आयोग , स्वीडन के अध्यक्ष वाटर मैन ऑफ इंडिया डॉ राजेंद्र सिंह ने माउंट सिनाइ का उदाहरण देकर वर्षा जल के प्रवाह को धीमा कर सुखाड़ की समस्या का समाधान की जानकारी दी। विश्व जन आयोग को डॉ. सिंह ने इसे आम आदमी की बुद्धिमत्ता पर विश्वास करने वाली संस्था बताते हुए नियुक्त 30 कमीशनर्स का आव्हान किया कि वे आम जन से जुड योजनाओं को मूर्त रूप प्रदान करें। नेपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए दीपक ग्वाली ने पारिस्थितिकी विखण्डन में औद्योगिक क्रांति की अहम भूमिका स्पष्ट करते हुंए हाइड्रो इकोलॉजिकल जोन की स्थापना को आवश्यक बताया। साथ ही जल संरक्षण से जुडे कार्यकर्ताओं से आशावादी रहने की बात कही क्योंकि किसी नवाचार परक संसाधनों को जन स्वीकृति मिलने में समय लगता है, जैसे गोबर गैस को पहले आम स्वीकृति नहीं मिली थी। युवा आंत्रप्यनोर वरुण शर्मा ने प्रति व्यक्ति बढ़ता उपभोग व पर्यावरण में परिवर्तन को भारत में जल की कमी का मूल मानते हुए भारत का 54 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र को पानी की कमी से त्रस्त बताया जिसमें राजस्थान भी है। इसका समाधान वरूण ने जल वाष्प को पेयजल में परिवर्तित कर सकने वाले इजरायली पेटेंट वाल एयर वाटर कनवर्टर को बताया। माबाद पीस सेंटर एन्ड कम्युनिटी, मिस्र की मोना ने माउंट सिनाई से बहने वाले जल स्रोत के संरक्षण व पुनरूद्धार के लिए इस्राइल व फिलिस्तीन के साझा प्रयासों को जिसके सकारात्मक परिणाम से प्रेरित हो नील नदी के संरक्षण, पुनररूद्धार का कार्य किया जा रहा है।

विश्व जल सम्मेलन में मैग्सेसे पुरस्कार विजेता डॉ राजेंद्र सिंह (बायें) ने जनजनजातीय उद्योग एवं विकास मंत्री अर्जुन लाल बामणिया (बीच में) को सम्मानित किया।

लेकसिटी में ठंड का असर

उदयपुर, (कासं)। झीलों के शहर में ठंड अब अपना रूबाब दिखाने लगी है। बीते तीन दिनों में रात के तापमान में साढ़े तीन डिग्री की गिरावट हुई है। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया वहीं इससे पूर्व बुधवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात के साथ तापमान 7.2 डिग्री रहा था। दो दिनों से न्यूनतम 7 डिग्री के इर्द-गिर्द बना हुआ है। लेकसिटी में सर्दी अब परवान पर है। दिन-ब-दिन तेज ठंड का प्रकोप उदयपुर में दिखाई दे रहा है। अलसुबह चारों ओर धुंध दिखाई देने लगी है वहीं न्यूनतम पारा भी लगातार गिर रहा है। तीन दिन पूर्व न्यूनतम तापमान 11 डिग्री था क्रमशः 9.2, 7.2 व 7.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। इससे पूर्व सबसे सर्द रात छह दिन पूर्व गत 2 दिसम्बर 8 डिग्री रिकॉर्ड की गई थी। हालांकि उदयपुर में अभी तेज ठंड की यह शुरूआत है वहीं दिसम्बर के अंत तक तापमान 3 या 4 डिग्री तक रिकॉर्ड किया जाता है। बीते तीन दिनों से दिन का तापमान 25.6 डिग्री पर स्थिर रहने के बाद आज तापमान में बढोतरी हुई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री जिसमें आज और बढोतरी के साथ यह 26.8 डिग्री पर पहुंच गया।

सार-समाचार

कार्यशाला आयोजित

उदयपुर, (कासं)। पीआईएमएस हॉस्पिटल उमरडा में ईएनटी विभाग के द्वारा प्रथम 3 डी टेम्पोरल बोन डिसेक्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नागपुर के नू ओस्सा मेडिकुईप लिमिटेड के डायरेक्टर डॉ प्रशान एम नायक ने शहर के ईएनटी विभाग के पीजी विद्यार्थियों को टेम्पोरल बोन की एनोटॉमी व सर्जिकल महत्व के बारे में समझाया तथा इसके उपरान्त डिसेक्शन करवाया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ विरन्त छाया ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से कान के ऑपरेशन के दौरान होने वाली जटिलताओं को कम किया जा सकता हैं, एवं नई तकनीक का भी सफल अभ्यास किया जा सकता हैं। इस दौरान पिम्स उमरडा के चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने प्रतिभागियों को प्रोस्ताहित किया एवं कहा कि उदयपुर संभाग में इस तरह की यह प्रथम कार्यशाला हैं।

एमपीयूएटी दीक्षांत समारोह 21को

उदयपुर, (कासं)। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर की अकादमिक परिषद की 60वीं बैठक शुक्रवार को कुलपति सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डा. अजीत कुमार कर्नाटक ने की। बैठक में प्रभारी कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक श्री विनय भाटी सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक एवं विभागों के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आमंत्रित विशेषज्ञ शिक्षाविद के रूप में पूर्व कुलपति प्रो. एस एस चहल भी उपस्थित थे। बैठक में सभी बिंदुवार मुद्दे सदन के पटल पर रखे। कुलपति ने अपनी प्रथम अकादमिक बैठक में सभी को संबोधित करते हुए अकादमिक उन्नति के लिए कृषि शिक्षा व अनुसन्धान में नवाचार अपनाने के लिए फैकल्टी को तयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शीघ्र ही विश्वविद्यालय में नियुक्ति करने के मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता यह सुनिश्चित करें कि उनके संकाय में भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् की सिफ़ारिशो के अनुरूप पर्याप्त फैकल्टी हो इसके लिए वे आवश्यक प्रस्ताव बना कर राज्य सरकार को भेजे। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञापित शैक्षणिक और सह शेक्षणिक रिक्तियों पर शीघ्र ही नियुक्तियाँ करने की बात भी कही। प्रो चहल ने कहा कि एमपीयुएटी का सभी मोर्चो पर श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। उन्होंने विश्व विद्यालय की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए सभी के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।

'शब्द रंग' उत्सव आयोजित

उदयपुर, (कासं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के नवागंतुक विद्यार्थियों का अभिनंदन उत्सव 'शब्द रंग' प्रताप गौरव केंद्र के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया वहीं वरिष्ठ मीडिया कर्मियों ने पत्रकारिता से जुड़े विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद किया। 'शब्द रंग' उत्सव में कुलपति प्रो. आईवी त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता विभाग नियमित तौर पर कई गतिविधियां आयोजित करता रहता है। इससे ना सिर्फ विद्यार्थियों की प्रतिभा को नई राह मिलती है, वहीं विभाग की गतिविधियों के जरिए विश्वविद्यालय को भी एकेडमिक ऊंचाई मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने टैलेंट का इस्तेमाल करते हुए पत्रकारिता में कैरियर बनाएं और समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने के लिए अपने हुनर और कलम का बेहतर इस्तेमाल करें। इस अवसर पर एफएम चैनल रेडियो सिटी के प्रोग्रामिंग डायरेक्टर रजत मेघनानी ने रेडियो पत्रकारिता के विभिन्न पक्षों को विस्तार से बताते हुए वॉइस ओवर आर्टिस्ट के रूप में कैरियर की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ कुंजन आचार्य ने अतिथियों का स्वागत एवं नए विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

चार विद्यार्थियों का चयन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, डबोक में केम्पस ड्राइव द्वारा बी.टेक. कम्प्यूटर इन्जिनियरिंग ब्रांच के चार विद्यार्थियों का चयन आर्गुसॉफ्ट इण्डिया लिमिटेड में 7.12 लाख तक के सालाना पैकेज पर ट्रेनी सॉफ्टवेयर इन्जिनियर के पद पर हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि आर्गुसॉफ्ट इण्डिया लिमिटेड अहमदाबाद स्थित आई.टी. सेक्टर की प्रमुख एम.एन.सी. कम्पनी हैं जो सॉफ्टवेयर डवलपमेंट टेस्टिंग मेन्टिनेंस सपोर्ट बिजनेस ऑटोमेशन, मोबाइल एप्लीकेशन, जावा, पी.एच.पी., डॉट नेट आदि सॉफ्टवेयर पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड अरविन्द सिंह पेमावत के अनुसार कम्पनी से आये कम्पनी ऑफिसियल एवं एच. आर. मेनेजर सर्वप्रथम पीपीटी के माध्यम से कम्पनी के बारे में विद्यार्थियों अवगत कराया। उसके पश्चात् लिखित परीक्षा, टेक्नीकल इन्टरव्यू एवं एच. आर. के माध्यम से कम्प्यूटर इन्जिनियरिंग ब्रान्च के विद्यार्थी हर्ष सोनी, मनन माथुर, रोहित सोनी एवं भवी मेहता का चयन 7.12 लाख तक के सालाना पैकेज पर किया। वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड़ ने चयनित विद्यार्थियों के सवर्णिम भविष्य की कामना की।

बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक की साकरोदा शाखा में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन शुक्रवार को किया गया जिसमें बैंक प्रबंधक केशव दाधीच ने बैंक की विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ ही बैंकिंग से संबंधित ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी प्रदान भी की गई। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता समन्वयक अतीक अहमद द्वारा डिजिटल बैंकिंग एवं एटीएम वैन से पैसा निकालने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इस दौरान समाजसेवी अनीता शर्मा ने स्वयं सहायता समूह की गतिविधियों के बारे में उपस्थित महिलाओं को अवगत कराया गया।

नकदी से भरा पर्स चोरी

उदयपुर, (कासं)। शादी समारोह से अज्ञात चोर महिला का नकदी से भरा पर्स चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के अम्बामाता थाना क्षैत्र लवकुश अपार्टमेंट फतहपुरा निवासी चयनिका पत्नी दिनबंधु वर्मा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मेरी पुत्री का विवाह होने से 5 व 6 दिसंबर को एगेटिका रिसोर्ट दर्पण गेट के सामने शिल्पग्राम बुक करवाया था। 6 दिसंबर को समोराह के दौरान रातमें अज्ञात चोर मेरी समधन मांदा धावले का बैग चुरा ले गया। बैग में दो डेबिट व दो क्रेडिट कार्ड, 2 मोबाईल, सोने की बालिया, 25 हजार रूपये नकदी थी। इसका पता चलने पर तलाश की लेकिन सुराग नही लगने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

नं. ए.11013/2/2017-पीएमएसएसवाय IV
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(पीएमएसएसवाय डिवीजन)
कमरा नं.-201-डी, निर्माण भवन
नई दिल्ली-110011

जोधपुर के एम्स में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के पद के लिये विज्ञापन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (पीएमएसएसवाय डिवीजन) जोधपुर के आल इण्डिया इन्सटीट्यूट आफ मेडीकल साइन्सेस (एम्स) में वेतन श्रृंखला (7वें सीसीसी के अनुसार) में रूपये 1,82,200-2,24,100/-, लेवल 15 में डेपूटेशन/शार्ट टर्म कांट्रेक्ट/कांट्रेक्ट के आधार पर एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर के पद को भरने के लिये योग्य प्रत्याशियों से आवेदन आमंत्रित करता है। और विवरण के लिये, कृपया मंत्रालय की वेबसाइट तथा डिवीजन की वेबसाइट www.mohfw.gov.in तथा http://pmssy.mohfw.nic.in पर जाये। विस्तृत विज्ञापन एम्पलायमेन्ट न्यूज में प्रकाशित किया जायेगा। आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एम्पलायमेन्ट न्यूज में विज्ञापन प्रकाशन की तिथी से 45वें दिन होगी।

हस्ताक्षर-दिनेश कुमार
दिनांक-22.11.2022 10:54:48
कारण-स्वीकृत
(दिनेश कुमार)
संयुक्त निदेशक
फोन-011-23061730

CBC 17101/11/0014/2223